दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 185 मुरादाबाद 02 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## हादसे के बाद मोरबी का दर्द बांटने पहुंचे पीएम मोदी, सीएम के साथ घटनास्थल का लिया जायजा

गुजरात के मोरबी में हुए हादसे के बाद पीड़ितों का दर्द बांटने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोरबी पहुंचे। पीएम मोदी के मोरबी पहुंचने की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में पीएम मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ घटनास्थल का जायजा लेते नजर आ रहे हैं। मोरबी ब्रिज के पास घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पीएम मोदी मोरबी सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां पीएम मोदी इस हादसे के पीड़ितों के आंसू पोंछने के लिए आए हैं। सिविल अस्पताल में पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे में घायल लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना।मोरबी आने के बाद पीएम मोदी ने झुलते पुल के पास हुए हादसे की जगह का मुआयना किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने राहत और बचाव कार्य में सहायता करने वाली विभिन्न टीमों और अन्य लोगों से मुलाकात की है। मोरबी जिले में मच्छू नदी पर बना केबल ब्रिज हादसे में अबतक 135 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। खोज और बचाव का काम अभी भी जारी है। वहीं यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में इसको लेकर एक याचिका दायर की गई है। जिसके बाद अब इस मामले में 14 नवंबर को सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार देर रात गांधीनगर राजभवन में मोरबी पुल हादसे को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पीएम ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी और आला अधिकारियों से हादसे की जानकारी ली और लोगों की पूरी मदद करने के निर्देश दिए। बैठक में दो नवंबर को प्रदेश में राजकीय शोक रखने का फैसला किया गया। पीएम मोदी मोरबी पीड़ित परिवारों से मिलने जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोरबी हादसे के पीड़ितों से मिलने मोरबी के सिविल अस्पताल पहुंचे। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद हैं। 30 अक्टूबर को मोरबी में पुल ढहने की घटना में अब तक 135 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोरबी हादसे में बचाव और राहत कार्यों में शामिल












लोगों से मुलाकात की। वह पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। मच्छू नदी में खोज और बचाव अभियान जारी है। इस घटना में अब तक मरने वालों की संख्या 135 हो गई है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ मोरबी में घटनास्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मोरबी पुल हादसे पर शोक व्यक्त की। शी जिनपिंग ने भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक संदेश भेजा है। बता दें कि हादसे के पीड़ितों को मिलने आज पीएम मोदी मिलने पहुंचेंगे। गुजरात के आपदा प्रबंधन मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के परिवारों को 4 लाख रुपये और क्व्ल्ह्त्रस्त्र से प्रत्येक को 2 लाख रुपये साथ ही घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी गई। उन्होंने कहा कि 17 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं और 2 लोग लापता हैं। मोरबी हादसे के पीड़ितों से कुछ देर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिलने पहुंचेंगे। मोरबी पुल हादसे में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के लिए जिम्मेदार कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि घटना के संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या के प्रयास के लिए निजी एजेंसियों के खिलाफ गुजरात के मोरबी जिले में पुल ढहने की घटना में गुजरात पुलिस द्वारा स्त्र्ढ्ढक्र भी दर्ज की गई है। मोरबी त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए 2 नवंबर को गुजरात में राज्यव्यापी शोक मनाया जाएगा। 2 नवंबर को राज्य के सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी सार्वजनिक समारोह, स्वागत या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ग्रेटर नोएडा में किया वाटर वीक का उद्घाटन




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में वाटर वीक का उद्घाटन कर दिया है। यह वाटर वीक पांच दिन तक चलेगा। इसमें देश-विदेश के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। वाटर वीक में जल संकट और उससे निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जानी है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के ग्रेटर नोएडा दौरे का आज दूसरा दिन है। वह आज यहां नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यूपीसीडा की 1670 करोड की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मद्देनज़र सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वह अचानक पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पहुंच गए। इस दौरान एचओडी को छोड़ कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले। मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वह अचानक पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पहुंच गए। इस दौरान एचओडी को छोड़ कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले। इस पर उनसे जवाब तलब किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लापरवाही के आरोप में बाराबंकी के दो इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया है। छह इंजीनियरों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।देव दीपावली के दिन सात नवंबर को काशी में गंगा पार पहली बार कोरियोग्राफ फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा। यह आतिशबाजी का बिल्कुल नया कंसेप्ट है जो एक खास ज्योमेट्रिकल फॉम में होगी लखनऊ के एक स्कूल ने ए फॉर एप्पल नहीं बल्कि ए फॉर अर्जुन पढ़ाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो गई हैं। स्कूल प्रधानाध्याक ने बताया कि इससे बच्चों में पौराणिक ज्ञान मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक?त करने के निर्देश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वह अचानक पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पहुंच गए। इस दौरान एचओडी को छोड़ कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शाहिद बने छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के सदस्य

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बहुप्रतीक्षित निगम मण्डल बोर्ड के बची हुई सूची की घोषणा कर दी है



इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड में पेंड्रा से शाहिद राइन को सदस्य बनाया है राइन कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही के साथ लगातार कई बार से वो और उनके परिवार के सदस्य नगर पालिका में पार्षद रह चुके है तथा इस बार भी पार्षद है राइन ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव तथा पेंड्रा नगर पालिका उपाध्यक्ष पंकज तिवारी का आभार व्यक्त किया है

साथ ही कहा की कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा से सभी जाति धर्म के लोगो को आगे लाने का कार्य करते है उनके नेतृव में छत्तीसगढ़ में कोमी एकता कि मिशाल पेश हुई है आपस में भाईचारा क़ायम हुआ है उन्होंने समाज को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप शिक्षित करने के दिशा में आवश्यक कदम उठाने एवं कांग्रेस पार्टी को और मज़बूत करने का भरोसा दिलाया उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव अनुसूचित जाती आयोग की सदस्या अर्चना पोरते पवन सुल्तानिया सरदार इक़बाल सिंह रमेश साहू ओमप्रकाश बंका मदन सोनी अमोल पाठक घनश्याम ठाकुर आंसर जुंजनी यूसुफ़ खान इब्राहिम खान ने बधाई प्रेसित किए।

## नाजायज चरस के साथ एक गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मुखबिर खास की सूचना पर सेमगढा चौराहा के पास से अभियुक्त तिलकराम पुत्र मनीराम निवासी कोलाभार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को 150 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0स0 0302/2022 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया ।

## पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रक्षित केंद्र में लगायी गयी हथियारों की प्रदर्शनी



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-आई टी आई पेंड्रा collage के छात्र छात्रायें हुए लाभान्वित पुलिस अधीक्षक श्री यू उदयकिरण के निर्देशन में आज पुलिस लाईन में सुरक्षा उपकरण और हथियारों की प्रदर्शनी लगाकर आई टी आई पेंड्रा के छात्रों को हथियारों से अवगत करवाया गया। जिसमें लगभग 200 छात्रों ने प्रदर्शनी में जानकारी ली। ज्ञात हो कि 21 अक्टूबर शहीद परेड दिवस से आज राष्ट्रीय एकता दिवस तक पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमे अलग अलग दिन विभिन्न कार्यक्रम करवाया गया। इसी क्रम में आज जिले के आई टी आई के छात्र छात्राओं को हथियार और सुरक्षा उपकरणों से परिचय कराया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक, सूबेदार सहित लाईन के स्टाफ मौजूद रहे।

## गोवंशों की पूजा कर मनाया गोपाष्टमी पर्व



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-लक्ष्मन नगर श्रावस्ती विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत टड़वा महन्थ एवं अकबरपुर गो आश्रय स्थलों पर मा0 विधायक रामफेरन पाण्डेय ने गोवंशों की पूजा कर एवं निराश्रित गोवंशो को गुड़,चारा आदि खिलाकर गोपाष्टमी पर्व मनाया इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा,कि दीवाली के ठीक बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है।मान्यता है,कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन ही मां यशोदा ने भगवान श्री कृष्ण को गाय चराने के लिए जंगल भेजा था।इस दिन गौ, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करने का महत्व है।इसलिए गोपाष्टमी पर गोवंशो की विशेष पूजा की जाती है।इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विनोद कुमार,खण्ड विकास अधिकारी डा0 जितेन्द्रनाथ दूबे,आशुतोष पाण्डेय,विनय कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

## बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर सीज

लँकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूं न लिखूं सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती मल्हीपुर क्षेत्र मे चल रहे मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने छापा मारकर जांच की। जिसमे लाइसेंस न मिलने व अवैध दवाएं पाये जाने पर मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया। तहसील जमुनहा के वीरगंज बाजार मे ए के मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर प्रीति सिंह ने पहुंचकर लाइसेंस व अन्य कागजात मांगकर जांच की। लेकिन दूकानदार के पास मेडिकल स्टोर का लाइसेंस न होने व नारकोटिक दवाईयां मिलने पर दूकान सीज कर दी। जिलाधिकारी महोदया के निर्देश पर समय समय पर मेडिकल स्टोरो की जांच की जाती है। इस मेडिकल स्टोर की शिकायत मिलने पर जांच करके दूकान सील की गई है।

## बाइक अनियंत्रित होकर पलटी बाइक सवार घायल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूं न लिखूं सच

खुटार शाहजहांपुर- मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में रहने वाले रामनरेश का 30 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार बाइक से सोमवार की रात करीब नौ बजे किसी कार्यवश बाइक से खुटार आ रहा था, तभी रास्ते में गांव लालपुर पेट्रोल पंप के पास अचानक सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पर भर्ती कराया गया जहां



डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार आपस में कुछ विवाद हो गया था जिसकी शिकायत करने घायल मिथिलेश कुमार थाने आ रहा था तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

# गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में मनाया गया राज्योत्सव




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्योत्सव को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। गुरुकुल खेल मैदान पेंड्रारोड में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाएं एवम उपलब्धियां प्रदर्शित की गई है।

राज्योत्सव स्थल पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग घुम-घुम कर सभी स्टालों का अवलोकन कर रहे हैं और विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। राज्योत्सव स्थल पर जिला पंचायत, कृषि, उद्यान, मछली पालन एवं पशुधन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, वन, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं लोक निर्माण, स्वास्थ्य, आयुष, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, क्रेडा, आदिवासी विकास विभाग, जनसंपर्क, पुलिस एवं परिवहन तथा जिला अग्रणी बैंक द्वारा स्टाल लगाए गए हैं।

# समर्थन मूल्य पर आज से किसानों से धान खरीदी शुरू





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर ने पेंड्रा और धनौली धान खरीदी केंद्रों का किया अवलोकन राज्योत्सव के अवसर पर आज से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले में धान उपार्जन के लिए 18 केंद्र बनाए गए हैं। विधायक डॉ के के ध्रुव और जनपद अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी की उपस्थिति में आज धान उपार्जन केन्द्र लरकेनी में धान खरीदी शुरू हुई। विधायक और जनपद अध्यक्ष ने किसानों के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू की। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने धान खरीदी के पहले दिन आज पेंड्रा और धनौली धान खरीदी केंद्रों का अवलोकन किया। उन्होंने धान की गुणवत्ता की जांच की और धान बेचने पहुंचे किसानों को बधाई दी। इसके साथ ही जिले के अन्य धान खरीदी केंद्रों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धान खरीदी शुरू हो गई है।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अर्न्तगत मण्डल स्तरीय कार्याशाला का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -आज पंचायत भवन सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के योजना अर्न्तगत मण्डलीय स्तरीय कार्यशाला कमिश्नर श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मण्डलायुक्त ने इस अवसर पर बताया कि भारत एक ग्राम प्रधान देश है और हमें कोशिश करनी चाहिए कि गांवों का सम्पूर्ण विकास किया जाये। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में पंचायत सहायकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है तथा यह भी बताया कि हर गांव में विकास से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं का एक माइक्रोप्लान बनाया जाये जिससे गांव के विकास में हर स्तर पर तेजी लायी जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए एक नवीन सोच का होना बहुत जरुरी है, जो भी कार्य करें उसकी पहले प्लानिंग अवश्य कर लें। उन्होंने एसडब्ल्यूओटी के बारे में बताया कि जिसमें एस से स्ट्रेन्थ (ताकत) यानी कार्य से पहले अपनी ताकत को पहचानें और उसका सदुपयोग करें, डब्ल्यू से वीकनेस (कमजोरी) यानी कार्य के दौरान विभिन्न आने वाली कमजोरियों को भी जाने और उनको दूर करने का प्रयास करें, ओ से (अपार्टूनिटी) यानी कार्य के दौरान आने वाले नये अवसर व नये सोच को पहचानें, टी से (थ्रेट) डर यानी कार्य के निष्पादन हेतु आने वाली विभिन्न रुकावटो को पहचाने एवं बिना डरे कार्य करें। कमिश्नर ने बताया कि जीवन में स्व-अनुशासन




होना बहुत जरुरी है और अपनी एक लक्ष्मण रेखा जरुर बनायें। उन्होंने कहा कि गांव का अध्ययन अच्छे से करें व गांव के लोगों की जरुरतों को गम्भीरता से पहचानें क्योंकि आप एक भरोसे पर कार्य करते हैं और भरोसा हमेशा बना रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि विकास के तीन कार्यो को स्वास्थ्य, आजीविका एवं शिक्षा के अलावा इन तीनों की सस्टेनिबिलिटी (वहनीयता) बहुत जरुरी होती है। उन्होंने कहा कि विकास एक सोच है जो विभिन्न समस्याओं का समाधान निकालती है। कमिश्नर ने महिला शौचालय बनवाने हेतु भरसक जोर दिया और कहा कि हर गांव में, स्कूलों, आफिसों में एक साफ और स्वच्छ महिलाओं के अनुरुप शौचालय का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अपनी सोच में बदलाव लाये और अपनी शक्ति का प्रयोग समस्या के समाधान हेतु करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने - अपने दायित्वों को पहचानें और उनका निर्वाहन गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि निचले स्तर पर कार्य करने वाला व्यक्ति भी बहुत आवश्यक होते हैं, इनके प्रयासों के बिना विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करना संभव नही होता है इसलिए सभी एक टीम की तरह कार्य करें, हर गांव का एक नक्शा एसडब्ल्यूओटी के तहत बनाया जाये और गांव की समस्याओं से रुबरु रहें जिससे ग्रामों का विकास तीव्र गति से किया जा सके। आयुक्त ने समस्त डीपीआरओ को निर्देश दिये कि ग्रामों में तैनात पंचायत सहायकों का मानदेय समय पर दिया जाये। कार्यक्रम में उप निदेशक पंचायत, समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बी०डी०ओ०, समस्त ए०डी०ओ० पंचायत, समस्त कंसलटेन्ट इंजीनियर आदि उपस्थित रहें।

# आजम और अब्दुल्ला कोर्ट में हुए हाजिर, दर्ज कराए बयान

मुरादाबाद-चर्चित छजलैट प्रकरण में मंगलवार को रामपुर के पूर्व विधायक आजम खान अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। दोनों ने अपने बचाव में बयान दर्ज कराए। आजम खान ने बचाव के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय मांगा है, जिसको कोर्ट ने स्वीकार करते हुए तीन नवंबर सुनवाई के लिए तारीख लगा दी है। थाना छजलैट में 29 जनवरी 2008 सपा के पूर्व मंत्री आजम खान की कार को चेकिंग के लिए रोका गया था, जिसके बाद विवाद बढ़ गया था। आरोप है कि आसपास के जनपदों से आए सपा नेताओं ने आम जनता को उकसा कर सड़क जाम करते हुए बावल किया और सरकारी कार्य में व्यवधान डाला। इस मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशलकोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि मंगलवार को अदालत में आजम खान और अब्दुल्ला आजम हाजिर हुए। दोनों ने अपने बयान दर्ज कराए। कोर्ट के पूछने पर उन्होंने बचाव के लिए और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। इस



पर मंजूरी दे दी। अदालत में मुकदमे के अन्य आरोपी पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, नूरपुर सपा विधायक नईम ऊल हसन, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, राजेश यादव, डीपी यादव ने अदालत में उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं नगीना विधायक मनोज पारस, अमरोहा के महबूब अली की हाजिरी माफी लगी है। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई तीन नवंबर लगा दी गई है। आजम को मीडिया से बचाने को आगे आए अब्दुल्ला- मुरादाबाद। एमपी-एमएलए कोर्ट में मंगलवार को पेशी पर आए आजम को मीडिया से बचाने के लिए अब्दुल्ला पूरे समय बचाव करते दिखे। उन्होंने आजम खान की तबीयत खराब होने की बात करते हुए बचाया और कार में बिठाकर रामपुर के लिए रवाना हो गए।- आजम की पेशी के चलते कोर्ट के अंदर बाहर रही फोर्स- मुरादाबाद। आजम खान की पेशी के चलते नई बिल्डिंग में स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट के जाने के रास्ते में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात दिखी।

# अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय ने हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का किया उद्‌घाटन

तौफीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

वाराणसी- आज यातायात माह नवम्बर-2022 के अवसर पर यातायात परिसर स्थित आडिटोरियम हॉल में यातायात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध/कानून-व्यवस्था महोदय द्वारा उपस्थित DCP जोन काशी/यातायात] ADCP यातायात ] ACP यातायात सहित उपस्थित अन्य अधि०कर्म०गण एवं स्कूल के बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जागरूक करने के लिये आवश्यक चार स्तम्भ y&E (Eduction शिक्षा] Enforcement प्रवर्तन] Engineering अभियान्त्रिकी] Emergency Care अपातकालीन देखभाल) के सम्बन्ध में बताया गया एवं दिनांक 01-11-2022 से 30-11-2022 तक यातायात माह की रूपरेखा तैयार कर यातायात माह नवम्बर-2022 को सफल बनाने तथा आम जनमानस को जागरूक करने के लिये यातायात रैली को हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह का उद्घाटन किया गया।

# लोहता पुलिस ने मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

तौफीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

वाराणसी-पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 329/2022 धारा 380,457,411 आईपीसी व 333/22 धारा 380,411 आईपीसी में वांछित अभियुक्तगण 1. आजाद पुत्र शामा निवासी ऊंचगांव थाना लोहता वाराणसी उम्र 20 वर्ष 2. राहुल



कुमार पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी ऊंचगांव थाना लोहता वाराणसी उम्र 19 वर्ष को रज्जिपुर अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से इंडक्सन चूल्हा, इन्वर्टर, इमरजेन्सी चार्जिंग लाइट, फर्राटा फैन, इलेक्ट्रिक टेबल सोलर फैन, एक बण्डल केबल तथा दो एलईडी बल्ब बरामद किया गया।

# यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें- एसीपी शिवा सिंह

तौफीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद/वाराणसी- युवा नवागत एसीपी चेतगंज शिवा सिंह ने यातायात माह के मद्देनजर आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि बिना हेलमेट/अवैध पार्किंग बिना सीट बेल्ट/गलत दिशा में चलने वाले/तीन सवारी का प्रयोग न करे।आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है।दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं,नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए



वाहन चलाने से बचें,स्टंट बाइकिंग से बचें,काली फिल्म, हूटर,प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें।गलत दिशा में ना चले, इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि न खड़ा करें एवं रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं। साथ ही ट्रैक्टर-ट्राली लोडर पिकअप से यात्रा न करें, यातायात नियमों की अनदेखी/ अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी ।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Lessons from accidents

Any accident, in which someone loses his life, puts a question mark on humanity and its strength and progress. Due to the breakdown of the cable bridge in Morbi city of Gujarat, more than 140 people got absorbed in the cheeks of Kaal, the whole country has been shaken. On the other hand, a stampede in a narrow street on Halloween celebration in South Korea has made more than 150 people their own. Now it is a pity that we could have avoided such mishaps in the world. When we investigate, step by step we will see the descending steps of negligence. It is undoubtedly a time to express our deepest condolences, a time to stand by all means with those who have lost their loved ones. If we observe, we will find that step by step carelessness weaves such a web that humanity has bled. Now this incident will not be forgotten.

It is surprising to know that the work of renovating this bridge which is more than 142 years old was given to a watch making company. Are the specialist companies involved in the restoration of such cable bridges not in their own country, if no company in their country had the leisure, then a specialist foreign company could also be given this work. The practice of awarding contracts to any company on the basis of one's choice has become effective, how fatal can it be, Morbi Cable Bridge accident is an example. If we contract any work to any company, we are not ensuring that we receive specialist services or facilities. Such questions will haunt the administration for a long time that how was the bridge opened without a fitness certificate? This cable bridge over the Machhu river was closed for repairs for about seven months. It was reopened on 26 October on the occasion of Gujarati New Year. A huge crowd gathered on the bridge on Sunday. It is said that tickets for five hundred people were cut to climb the bridge capable of bearing the weight of 150 people. Was the real strength of the bridge forgotten in the greed of earning? Many people have been arrested for this accident, it should be ensured that no leniency is taken against the culprits. There is a tradition of doing politics on such incidents in Indian politics, so obviously there will be politics in Morbi case too. The ruling BJP in Gujarat is on target today, so it is advising other parties not to do politics.

Be it Morbi or South Korea, whatever criminal-negligent elements of the administration are responsible for the accident, they should not be left open to create scope for the next accident. There is a large group in the corporate and government departments, who have made negligence, negligence as their basic nature. Undoubtedly, humanity must have been crying when more than a million people entered a street just four meters wide in South Korea and there was a stampede. According to the increasing population in the world, the amount of crowd gathering, there is a need to be alert everywhere. Now the time has come that the alert people should avoid being part of any crowd and stand strong against the possibility of any mishap around them. Perhaps only by the awareness of the people, the sleep of the governments will be opened.

# Actress Rambha's car fell victim to an accident, shocking pictures surfaced

Rambha Car Accident: Bollywood accident, which has been a part of all the superhit films like Bandhan, Judwaa and Krodh, has become an accident of Rambha's car. His car was badly damaged in this accident and his daughter's condition is said to be critical. At the time of the accident, Rambha along with her children and her nanny were also in the car. Rambha's daughter has been admitted to the hospital. Rambha posted and told the whole incident – Rambha has herself shared these pictures of the accident on her social media account. Sharing the pictures, Rambha wrote, 'Was coming back from school with kids when a car hit our car at the crossroads. In the car were me, kids and nanny. We all have minor injuries but we are safe. My younger daughter Sasha is still in the hospital. Bad day and bad time, please pray for us. Your prayers matter a lot.



Life saved due to air bag? - Good news for fans is that Rambha and her family are safe. Although his daughter is still admitted in the hospital. In the pictures shared by Rambha, in the first photo, her daughter is seen, whom the doctors are taking for treatment. In the second and third photos, the crashed car is seen, whose condition is very bad. The air bags of the car are seen to be open. Worked a lot in the cinema world - Many celebrities and fans have commented on this post of Rambha and asked him for his well being and prayed for him. Let us tell you that Rambha's real name was Vijayalakshmi and she has worked in Hindi as well as Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam, Bengali and English films. Rambha has also worked in Bhojpuri cinema for some time.

# Katrina Kaif wanted to meet pregnant Alia Bhatt and touch her baby bump, said - she is still...

Katrina Kaif's film Phone Bhoot is about to release. During an interview related to the promotion of the film, she was asked what she wanted to do when she met Alia Bhatt. To this Katrina gave a funny reply. Both Katrina and Alia go to the gym at the same time. There is a good friendship between the two. Please tell that Alia is going to be the mother of Ranbir's child. Katrina has been Ranbir's ex-girlfriend. Both will be seen in Farhan Akhtar's film Zee Le Zara. Priyanka Chopra will also be with him in this. Katrina wanted to touch Alia's stomach - Katrina Kaif was asked what was her first reaction when she met Alia Bhatt. On this, Katrina while pointing to keep her hand on Bailey said, I wanted to do this. I see her in the gym. Yes he is ugly. She is still working out in the gym. Deepika and Katrina also go to the same gym - When Katrina was asked about Deepika Padukone, she said, I also meet her in the gym. Actually we go to the same gym. Katrina told that she recently recorded a video of Deepika doing gym and sent it to her. Let us tell you that Deepika Padukone is also Ranbir Kapoor's ex-girlfriend. Ranbir Deepika are good friends now. Ranbir's wife Alia and his two ex-girlfriends also have a good friendship, the first film coming after marriage - Katrina Kaif married Vicky Kaushal in December last year after dating for almost two years. Both had tried hard to hide the affair and marriage from their fans and media, although the news kept leaking. After marriage, Katrina has shot for Tiger 3. Now his film Bhoot Phone is going to release on November 4.



# बाबसा में डेंगू फैलने की सूचना पर पहुंचीं दो टीम, किया इलाज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ब्लॉक निधौलीकलां क्षेत्र के गांव बाबसा में डेंगू फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें पहुंची। टीमों को गांव में सर्दी, जुकाम, बुखार के 235 रोगी मिले। टीमों ने गांव में डेंगू कन्फर्म जांच पैथोलॉजी में कराने को आठ एलाइजा सैंपल लिए हैं। इसके अलावा 30 मलेरिया, सात डेंगू की जांच की गई। जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिंह ने बताया कि सोमवार को ग्राम बावसा में डेंगू फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य टीमों को भेजा गया। जांच में कोई डेंगू रोगी नहीं मिला। टीमों ने गांव में 30 मलेरिया और सात डेंगू की जांच की है। डा. मनोज गुप्ता के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य टीम में डा. सुशील बघेल, फार्मासिस्ट प्रवीन कुमार, कृष्णकांत ने 35 बीमारों का परीक्षण किया। इनको सर्दी, जुकाम, बुखार होने पर दवा दी गई। टीम ने गांव से आठ लोगों के एलाइजा सैंपल



जांच को मेडिकल कालेज पैथोलॉजी भेजे हैं। इसके अलावा दूसरी स्वास्थ्य टीम डा. शिवकुमार वर्मा के नेतृत्व में फार्मासिस्ट कौशलेंद्र कुमार, एलटी ललित कुमार, स्टाफ नर्स अवनीत मौर्य ने 201 मरीजों को देखा। टीम ने 30 बीमारों की मलेरिया और सात की डेंगू जांच की। जांच में कोई पॉजिटिव नहीं निकला है। टीम में शामिल मलेरिया निरीक्षक ओमना यादव, श्याम सुंदर ने घर-घर जाकर बीमार मरीजों के बारे में जानकारी करने का कार्य किया। डेंगू रिपोर्ट देने वाली पैथोलॉजी का संचालक फरार एसीएमओ एवं अपंजीकृत नोडल अधिकारी डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि बावसा में पैथोलॉजी से गलत डेंगू रिपोर्ट देने की शिकायत सीएमओ से की गई थी। शिकायत पर सीएमओ ने उनको गांव में जाकर पैथोलॉजी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीम के पहुंचने से पूर्व ही कृष्णा पैथोलॉजी संचालक लैब बंद कर फरार हो गया। उन्होंने पैथोलॉजी पर नोटिस चस्पा किया है। इसके अलावा दो अन्य अपंजीकृत चिकित्सकों को नोटिस दिया गया है।

# मौके पर पहुँचे अधिकारी जमकर होरही डीएपी खाद की काला बाज़ारी ,साथ मे लगेज



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर-डीएपी खाद के लिए जलेसर में किसानों के बीच मारामारी हो रही है सादाबाद अड्डा जलेसर पर कृभको कम्पनी की डीएपी खाद के सैकड़ों बैग 2000 रुपये प्रति बैग बेचे जा रहे थे सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रामनयन ने उर्वरक बिक्रेता को उचित रेट पर डीएपी बेचने की हिदायत दी। खाद के लिए किसानों को सरकारी गोदामों में लंबी लाइन लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोष है। किसानों ने बताया कि रबी फसल की खेती की शुरुआत के साथ ही खाद की भारी किल्लत हो गई है। जिस कारण जलेसर क्षेत्र में किसानो को घंटो लाइन में लगकर खाद लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक लाईन में खड़े होने के बाद भी शाम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। जलेसर क्षेत्र में मांग के मुकाबले सिर्फ 50 फीसदी ही डीएपी खाद उपलब्ध है। किसानों ने कहा बारिस के कारण जलेसर के किसान पहले से ही परेशान हैं अब पारंपरिक तरीके से गेहूँ, सरसों, आलू की खेती के लिए भूमि तैयार करने के साथ ही फसल लगाना है, लेकिन उर्वरक की कमी किसानों को सबसे अधिक परेशान कर रही है। जिस कारण किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। वहीं किसानों ने मीडिया के द्वारा सरकार से गुहार लगायी कि यूरिया तथा अन्य उर्वरकों के साथ कोई अन्य उत्पादों जैसे सल्फर, कैल्शियम, जाइम एवं अन्य उत्पादों की टैग की बिक्री नहीं की जाये यदि किसी कंम्पनी व थौक उर्वरक विक्रेता द्वारा यूरिया या डीएपी के साथ किसी अन्य उर्वरक को टैग कर बिक्री की जाती है तो कम्पनी के पदाधिकारी, थोक विक्रेता के विरूद्ध एफसीओ 1985 एवं इसीएक्ट 1955 के तहत कठोर कार्रवाई करें वहीं स्थानीय किसानों का कहना है कि जलेसर बाजार में उर्वरक बिक्रेता महंगे दर पर डीएपी खाद बेच रहे हैं

# "यातायात जागरुकता" रैली में सम्मिलित होमगार्ड, पीआरडी , स्काउट गाइड और स्कूली छात्रों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यातायात जागरुकता माह नवम्बर, वर्ष 2022–- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 01.11.2022 से 30.11.2022 तक यातायात माह मनाया जायेगा, जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी एटा श्री अंकित कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा आज पुलिस कार्यालय एटा पर फीता काटकर किया गया, जिलाधिकारी एटा तथा एसएसपी एटा द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। अंत में 卐यातायात जागरुकता卐 रैली में सम्मिलित होमगार्ड, पीआरडी , स्काउट गाइड और स्कूली छात्रों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यातायात जागरूकता रैली पुलिस कार्यालय से प्रारंभ होकर, ऋषि मार्केट से रोडवेज बस स्टैंड होते हुए माया पैलेस चौराहा से रश्मि लोक तिराहा से आगरा रोड होते हुए यादव नगर तिराहा से चौकी सिविल लाइन से आगरा चुंगी तिराहा से जेल रोड होते हुए पुलिस लाइन एटा पर आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान यातायात जागरुकता सम्बन्धी नारे लगाये गए। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से




भी लोगों को जागरूक किया गया। इस पूरे माह में जनसाधारण तथा स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जनपद में जो भी व्यक्ति अथवा पुलिस कर्मचारी बिना हेलमेट धारण किये हुये पाये जाएंगे उनके विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा समस्त उपस्थित लोगों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील की गयी कि वे अपने वाहन पर सही नम्बर प्लेट लगायें, अपने वाहन से सम्बन्धित समस्त कागजात जो चैकिंग के दौरान जॉच किये जाते हैं उनको अपने साथ रखें, शराब पीकर गाड़ी न चलायें, ओवर स्पीड से बचे, तथा हेलमेट धारण कर ही मोटर साईकिल पर चलें ताकि दुर्घटना तथा अन्य कार्यवाही से बचा जा सकें। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात श्री संगम लाल, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह, निरीक्षक अपराध कोतवाली नगर श्री विष्णु कुमार, प्रभारी यातायात उ0नि0 श्री बचान सिंह शाक्य तथा अन्य पुलिस बल उपस्थित रहा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बनारस रेल इंजन कारखाना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



वाराणसी-अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शपथ लिए जाने के एक कार्यक्रम के साथ बनारस रेल इंजन कारखाना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2022 का आयोजन शुरू हुआ। केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए 卐एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत卐 की थीम दी है। बनारस रेल इंजन कारखाना में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया जहां महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल ने 01 नवम्बर, 2022 को रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों के एक समूह को शपथ दिलाई। इसी तरह के आयोजन विभिन्न कर्मशाला और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों में हुए हैं जहां कार्यालय के प्रमुखों द्वारा शपथ दिलाई गई। इस शपथ का उद्देश्य अधिकारियों की गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बरतने और भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्ती से लड़ने के प्रति उनकी वचनबद्धता को सुदृढ़ करना है। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान बरेका द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध अलग-अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

# जिले में धान खरीदी का शुभारंभ, खेलसाय सिंह एवं पारसनाथ राजवाड़े ने किया शुभारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के मार्गदर्शन में जिले की सभी 47 समितियों के 50 उपार्जन केंद्रों में चाक चौबंद व्यवस्था के साथ हुआ। सभी खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में जन प्रतिनिधियों और क्षेत्र के किसान सदस्यों की उपस्थिति में धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत हो गयी। यह धान खरीदी 01 नवम्बर 2022 से लेकर 31 जनवरी 2023 तक चलेगी। जिसमें सभी किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले धान की बिक्री के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।साथ ही यह भी बताया गया कि टोकन काटने में लघु सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। कृषि विभाग के अनुसार चूंकि अभी जिले में धान की फसल पूरी तरह तैयार नहीं हुई है, इसलिए जिले में लगभग 20 नवम्बर के बाद ही धान की वास्तविक खरीदी शुरू हो पाएगी। बैठक में उपस्थित किसानों को इस बार के समर्थन मूल्य की जानकारी दी गयी कि धान पतला ए ग्रेड की कीमत 2060 रुपये तथा धान मोटा कॉमन की कीमत 2040 रुपये प्रति क्विन्टल है। किसानों को धान को साफ सुथरा कर सुखाकर लाने की समझाइश दी गयी।शासन के निर्देश हैं कि धान की नमी 17 प्रतिशत से कम होनी चाहिए इसलिए गीला धान नहीं लाने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि किसानों की सुविधा के लिए इस बार शासन द्वारा मोबाइल एप्प टोकन तुंहर हाथ जारी किया गया है जिसमें किसान घर बैठे ही धान बिक्री के लिए अपना टोकन काट सकता है,उसको अब टोकन के लिए समिति में जाने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में उपस्थित सभी कृषक सदस्यों द्वारा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की प्रशंसा की गयी तथा इस प्रकार की अभिनव पहल के लिए शासन का धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया।

# भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा रैली

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- क्षेत्र की विकास के लिए लाखों की सौगात, छोर देवा नाला पर पुलिया निर्माण के लिए आश्वासन, ओड़गी/भैयाथान- -कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो पदयात्रा के अंतर्गत रैली निकाली। जिसमें ओड़गी, भैयाथान के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह रैली गांव सावांसावा से भटगांव विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े की अगुवाई में शुरू हुई। रैली गांव सावांसावा से प्रारंभ होकर बैजनाथपुर में सम्पन्न हुई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने दो लाख का शेड निर्माण की घोषणा ,राधा कृष्ण मंदिर जो 15 वर्षों से निर्माणाधीन है उसके लिए डेढ़ लाख की घोषणा, व छोर देवा पुलिया को भी स्वीकृति कराने का आश्वासन दिए इस मौके पर ओड़गी ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, भैयाथान ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, संजय यादव, राजेश साहू,विजय राजवाड़े,रुपनारायण सिंह, धनेश्वर सिंह व भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पुलिस लाईन में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलब्ध पर आयोजित हुआ रस्मी परेड

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर पुलिस लाईन सूरजपुर में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू व सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम की मौजूदगी में रस्मी परेड का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने इस मौके पर राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारी, जवानों व छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया। रस्मी परेड में पुलिस के अधिकारी-जवानों सहित जवाहर नवोदय विद्यालय, बालक व कन्या हाईस्कूल के एनसीसी, स्काउट एवं स्टूडेंट पुलिस कैडेट के छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कहा कि सरदार पटेल केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। रूप में देखते हैं, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति और उनके कुशल नेतृत्व के बिना पूरी नहीं हो पाती।

इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्टेनो अखिलेश सिंह, अमिताभ, आनंद पैंकरा, सुलेमान लकड़ा, जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, बालक व कन्या हाईस्कूल के पीटीआई, शिक्षकगण सहित कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवा निवृत्त हुए प्रधान आरक्षक धन्नालाल को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व सीईओ सूरजपुर ने किया सम्मानित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-पुलिस विभाग में लगातार 35 वर्ष 7 माह तक सेवा देकर सोमवार, 31 अक्टूबर 2022 को सेवा निवृत्त हुये सूरजपुर जिले में पदस्थ प्रधान आरक्षक धन्नालाल नागभिरे को पुलिस लाईन में आयोजित सेवानिवृत्ति विदाई समारोह में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम सहित पुलिस अधिकारियों ने साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त हो रहे प्रधान आरक्षक के परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर सुश्री इफ्फत आरा ने कहा कि प्रधान आरक्षक ने पुलिस विभाग में लम्बे समय तक अपनी सेवाएं दी, पुलिस की नौकरी काफी चुनौतियों से भरी रहती है, विभाग में रहते हुए आमजनता की सेवा में सदैव तत्पर रहे। विभाग में स्वच्छ आचरण से कार्य किया जो एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधान आरक्षक के स्वस्थ, सुखमय पारिवारिक जीवन जीने और दीर्घायु होने की कामना की। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि आज राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ दिवस पर प्रधान आरक्षक धन्नालाल सेवानिवृत्त हो रहे है, इन्होंने पुलिस विभाग में 35 वर्ष 7 माह तक अपनी सेवाएं दी है, इस दौरान सरगुजा रेंज के विभिन्न जिलों में बेहतर कार्य सम्पादित किए। उन्होंने कहा कि प्रधान आरक्षक सदैव अपने कार्यो के प्रति जवाबदेह रहे, विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों का डटकर सामना किया। विभागीय सेवा, ड्यूटी के प्रति समर्पण व सरल एवं स्वच्छ आचरण की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बेहतर स्वास्थ्य एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सीईओ सुश्री लीना कोसम ने कहा कि प्रधान आरक्षक का व्यवहार काफी उत्तम रहा है, स्वभाव से सरल व मृदभाषी है, लम्बे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं दी है। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे प्रधान आरक्षक ने भी अपने सेवा के अनुभवों को साझा किया। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे प्रधान आरक्षक को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व सीईओ ने साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित कर बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्टेनो अखिलेश सिंह, अमिताभ, आनंद पैंकरा, सुलेमान लकड़ा, सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने धनीपुर में मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धनीपुर में कार्यालय पर बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मनाई गई दीप प्रज्वलित किया मिष्ठान वितरण किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती प्रतिवर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाई जाती है इस अवसर पर ग्राम धनीपुर के प्रमुख नारे नागरिक उपस्थित थे सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारे लगाए गए इस अवसर पर ठाकुर महिपाल सिंह वीरपाल सिंह नरेंद्र पाल सिंह पप्पू संतोष कुमार कश्यप गोपाल सिंह अमित कुमार पाठक योगेश कुमार सिंह आदि किसान एवं प्रमुख नागरिक उपस्थित थे

# बीती रात लूट की घटना में विफल बदमाशों ने सफाई कर्मचारी को पीट-पीटकर किया अधमरा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-रात एक सफाई कर्मचारी घर जा रहा था कि नहर की पटरी पर तीन बदमाश मिले और बाइक की चाबी मांगी नहीं देने पर तीनों बदमाशों ने युवक की पिटाई कर दी। सफाई कर्मचारी ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी है। अलीगढ़। जवां के रामनगर पर नहर के पास बदमाशों ने रात को एक सफाई कर्मचारी को बाइक की चाबी ना देने पर पीट पीट कर अधमरा कर दिया। सफाई कर्मचारी ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी है।नहर की पटरी पर मिले थे बदमाश- दाउपुर निवासी बृजेश पुत्र विशंभर सिंह बरौली नगर पंचायत में सफाई कर्मचारी है। की रात को करीब साढ़े आठ बजे वह नहर के रास्ते बाइक से अपने घर जा रहा था कि रामनगर के पास उसे नहर की पटरी पर तीन बदमाश मिले जिनकी बाइक भी पास में ही खड़ी हुई थी। बदमाशों ने उससे मोबाइल व बाइक की चाबी मांगी युवक ने बाइक बंद कर चाबी घास में फेंक दी, इस पर बदमाशो ने आक्रोशित हो सफाई कर्मचारी को जम कर पीटा।

पीछे से किसी राहगीर की बाइक आने पर बदमाश उसे गंभीर हालत में छोड़कर भाग गए। बाद में राहगीरों ने उसे घर पहुंचाया। की सुबह सफाई कर्मचारी बृजेश कुमार ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने घायल सफाई कर्मचारी का डाक्टरी परीक्षण कराया है।